# NAVRATAN

Foundations (Regd.) NOIDA

(An Organisation for upliftment of unseen talent)

# समर्पण 2026

24th Annual
Award Ceremony



**Let Them Play.**
**Let Them Rise.**
**Let Them Fly.**

Equal Field. Equal Dreams.



On Sunday 10th May 2026 at 6.30pm

**NEA BHAWAN**

B-110A, SECTOR-6, NOIDA-201301

*www.navratanfoundations.com*

E-book Edition



Working for upliftment of economically weaker women

## ASTITVA 01



An informal child education centre for under priviledged children

## NAVRATAN GYANPEETH 02




Recognizing and honoring unseen talent in social/cultural/education

## SAMARPAN 03



Committed for 100% women literacy in Noida

## EDUCATED WOMEN-DEVELOPED INDIA 04



Computer Education for economically weaker section

## CYBER - URJA 05



Charitable Physiotherapy Centre for Senior Citizens

## PHYSIOTHERAPY CENTRE 06



NAVRATAN
Foundations (Regd.) NOIDA
SAMARPAN-2025
NAVRATAN AWARDS


An Organisation for Upliftment of Unseen Talent
NAVRATAN
SAMARPAN-2025
NAVRATAN AWARDS

# Solar Power Renewable Energy Project

70kw Solar Power Plant Installed At Club-26, Noida
CSR : Karna Apparels PVT. LTD





# Navratan Awardees - Samarpan 2025












# Navratan Awardees - Samarpan 2025























# अध्यक्ष की कलम से....

## 'नवरत्न फाउंडेशंस के 24 वर्षः प्रभाव, ईमानदारी और समावेशन की एक यात्रा'

नवरत्न फाउंडेशंस ने समर्पित सेवा के 24 वर्ष पूरे करते हुए समाज और समुदायों के जीवन पर एक सार्थक प्रभाव स्थापित किया है। करुणा की भावना से शुरू हुई यह विनम्र पहल नोएडा के सेक्टर 17 की झुग्गियों में स्थापित पहले सिलाई प्रशिक्षण केंद्र सेलेकर 37 केन्द्रों तक तथा अन्य सामाजिक आयामों के माध्यम जो आज एक ऐसे आंदोलन का रूप ले चुकी है जिसने 5 लाख से अधिक लोगों के जीवन को स्पर्श किया है, जिनमें से 1.75 लाख प्रत्यक्ष लाभार्थी हैं। इस यात्रा ने सम्मान, अवसर और आशा के नए रास्ते खोले हैं।

नवरत्न की इस यात्रा के केंद्र में जमीनी स्तर पर परिवर्तन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता रही है। कौशल विकास के माध्यम से संस्था ने महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाया है। वयस्क शिक्षा कार्यक्रमों ने उन लोगों को सम्मान लौटाया है जिन्हें मूलभूत शिक्षा से वंचित रखा गया था। नवरत्न ज्ञानपीठ स्लम स्कूल आज भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रख रहा है। साइबर ऊर्जा  परियोजना के तहत 13 कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र ने अनेक युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। संगठित कार्यक्रमों से आगे बढ़कर, संस्था ने हर प्रकार की प्रतिभा को प्रोत्साहित किया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर क्षमता को पहचान और अवसर मिले। "शीत कवच" जैसी पहल भी पिछले 23 वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित हो रही है।

समय के साथ, नवरत्न फाउंडेशंस ने अपने दृष्टिकोण को आर्थिक विकास से आगे बढ़ाते हुए एक महत्वपूर्ण सामाजिक चुनौती, सामाजिक अलगाव को संबोधित किया है। संगीत, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से संस्था ने ऐसे मंच तैयार किए हैं, जहाँ हजारों प्रतिभावान कलाकरों के लिए आपसी जुड़ाव, उपचार और अपनत्व का माध्यम बनता है।

भविष्य की ओर बढ़ते हुए, नवरत्न अब भावनात्मक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रहा है। संस्था यह मानती है कि वास्तविक प्रगति के लिए सामाजिक और भावनात्मक दोनों प्रकार की सशक्तता आवश्यक है। जागरूकता अभियानों और सामुदायिक पहल के माध्यम से, नवरत्न का उद्देश्य भावनात्मक स्वास्थ्य पर खुली बातचीत को सामान्य बनाना और एक संवेदनशील समाज का निर्माण करना है।

यह यात्रा अनेक सहयोगियों की टीम के योगदान से संभव हो पाई है। संस्था उन सभी अहम सहयोगी "नवरत्न रत्नों", हमारे सलाहकार स्वर्गीय रामेश्वर लवानिया, सरदार मंजीत सिंह बुटालिया, ब्रिजेन्द्र शर्मा, जूरी सदस्य अरुण वैद्या एवं वरिष्ट उपाध्यक्ष  राजेश कुमार सक्सेना को कृतज्ञतापूर्वक स्मरण करती है, जो आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जिनका योगदान आज भी हमारे कार्य को प्रेरित करता है। साथ ही, संस्था अपने सभी ॅ सहयोगियों और साझेदार संगठनों के प्रति आभार व्यक्त करती है, जिनके विश्वास ने इन पहलों को व्यापक स्तर पर पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सबसे बढ़कर, नवरत्न फाउंडेशंस की पहचान उसकी अटूट ईमानदारी में निहित है। दो  दशकों से अधिक समय से संस्था ने नैतिकता और गुणवत्ता के सर्वोच्च मानकों को बनाए रखा है और अपने मूल्यों से कभी समझौता नहीं किया है।

आगे बढ़ते हुए, नवरत्न का संकल्प स्पष्ट है–

एक ऐसे समावेशी समाज का निर्माण करना, जहाँ हर व्यक्ति सम्मान, जुड़ाव और आशा के साथ जीवन जी सके।

हार्दिक आभार एवं सादर

**डॉ. अशोक श्रीवास्तव**



## अरविन्द श्रीवास्तव, मुख्य सरंक्षक

संगठन में विश्वास, नेतृत्व के प्रति आस्था, मन में जनकल्याण की भावना और पारस्परिक सौहार्द्र के सहारे नवरत्न अब 24 वा गरिमामय वार्षिक समारोह ''समर्पण'' मनाने जा रहा है।

विगत 24 वर्षों से संस्था **''अस्तित्व''**, **''नवरत्न ज्ञानपीठ''**, **''शिक्षित महिला उन्नत भारत''**, **''कंप्यूटर सेंटर''**, **''दयारानी प्रोजेक्ट''**, **''जो आए वो गाए''**, **''एकलव्य की खोज''तथा ''समर्पण''** के माध्यम से जो उत्कृष्ट कार्य कर रही है,वह सराहनीय एवं प्रेरणाप्रद है।

"प्रतिबद्धता प्रतिभा विकास की" तथा "**upliftment of unseen talent** " जैसे सूक्त वाक्य न केवल हमारे उद्देश्य को स्पष्ट करते हैं, बल्कि समाज के उन वर्गों के लिए आशा की किरण स्वरूप भी हैं, जिनकी प्रतिभाएँ अब तक अनदेखी रह गई थीं। संस्था का यह प्रयास निश्चित ही अनेक जीवंत समाजसेवियों को नई दिशा, आत्मविश्वास प्रदान करेगा और मुख्य धारा से वंचितों को आत्मनिर्भरता प्रदान करता रहेगा ।

हमारे लिए उल्लास के वे पल होते हैं जब हमारे अध्यक्ष जी को सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए किसी अन्य सामाजिक संस्था द्वारा सम्मानित किया जाता है। यह सम्मान और ये पल हमारे लिए निधि स्वरूप हैं जो हमारे हृदय में अपना स्थाई निवास बना लेते हैं।

मेरा विश्वास है कि नवरत्न सामाजिक संस्था इसी समर्पण, निष्ठा और सेवा भाव के साथ आगे भी निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगी तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य और व्यापक रूप से करती रहेगी।
अंत में डॉ अशोक श्रीवास्तव की अगुआई में चल रही संस्था के सभी सम्मानित ट्रस्टी, संरक्षकों ,सलाहकारों, सदस्यों को इस अवसर पर हार्दिक बधाई और शुभ कामनाएं। संस्था से जुड़े सभी शुभचिंतकों, विचारकों, सहयोगियों, समाज सेवियों, कला गुरुओं को अगर नमन संदेश न भेजूं तो धर्म की हानि होगी। इसलिए सभी को मेरा नमन।

भगवान आशुतोष से प्रार्थना है कि आप सभी को उत्तम स्वास्थ्य, ऊर्जा और आत्मबल प्रदान करें, ताकि आप समाज सेवा के इस पवित्र कार्य को और अधिक ऊँचाइयों तक पहुँचा सकें। भगवान आशुतोष हमें अहंकार से दूर रखें, यही प्रार्थना है।

# नवरत्न के साथ 24 वर्ष मेरे जीवन की अहम उपलब्धिः



**मुकेश निगम, सलाहकार**

मार्च 2002 में मेरे पिता जी श्री फतेह बहादुर निगम जी के देहांत के पश्चात उनकी स्मृति में प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ जिसमें मेरे पिताजी को समाज सेवा के क्षेत्र में अपना गुरु एवं प्रेरक मानने वाले श्री अशोक श्रीवास्तव ने एक घोषणा की स्वर्गीय एफ बी निगम जी जो की स्वयं एक प्रतिष्ठित समाज सेवी थे उनके सम्मान में प्रति वर्ष किसी एक कर्मठ समाजसेवी को 5100/– का एफ बी निगम पुरस्कार दिया जायेगा. इस पुरस्कार को स्थापित करने के लिये अशोक जी ने अपनी अनेक संस्थाओ को निवेदन किया लेकिन सफलता नहीं मिली. तत्पश्चात श्री अरविन्द श्रीवास्तव जो वर्तमान में मुख्य सरंक्षक हैं उनसे से विचार विमर्श कर स्वयं नवरत्न संस्था की स्थापना की जहाँ अनदेखी प्रतिभाओं के साथ समाज में निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे अनजाने समाज सेवियों का भी यथोचित सम्मान किया जा सके. जब अशोक जी ने मुझसे भी इसमें शामिल होने का प्रस्ताव रखा तो मैंने तुरंत स्वीकार कर लिया क्योंकि पिता जी को समर्पित इस संस्था से मेरा ही मेरे परिवार का भी भावनात्मक जुड़ाव हो चला था. उपाध्यक्ष के पद पर अनेक वर्षो तक कार्य करने का जो अवसर प्राप्त हुआ वह विलक्षण अनुभव रहा हैं. गत 24 वर्षों ने ना जाने कितने आयामों पर सामाजिक कार्य कर अनगिनत वंचित लोगों का भला किया हैं. नवरत्न की खासियत है की समय की बाध्यता. चाहे वार्षिकोत्सव हो या फिर सामाजिक उत्थान का प्रोजेक्ट समय पर प्रारम्भ और समय पर समापन हुआ है. इसी से संस्था की ख्याति में उतरोतर वृद्धि होती चली गयी क्योंकि उसमें लक्ष्य के प्रति पूर्णतः समर्पण और प्रतिबद्धता का भी सामवेश रहा है. मुझे भी स्वयं भी आत्म संतुष्टि मिलती है जब पीछे मुड़कर देखता हूँ की गत 24 वर्ष में हजारो महिलाओं को सिलाई कड़ाई में दक्षता प्रदान की, सैकड़ों बच्चों को निरंतर शिक्षा प्रदान करने क साथ कंप्यूटर की विशेष कक्षाओं का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक लम्बी श्रँखला से अनगिनत कलाकारों को मंच प्रदान उनकी छुपी हुई प्रतिभा को तराशने का काम भी नवरत्न ने किया जिससे आज राष्ट्रीय स्तर पर संगीत के क्षेत्र में अनेक कलाकार अपना नाम कमा रहे हैं. वरिष्ठ नागरिकों के लिये फिजियोथेरेपी सेंटर भी एक उपलब्धि है. सभी अन्य प्रोजेक्ट्स को लिखना संभव नहीं है यहां लेकिन नवरत्न की टीम का समर्पण भाव अतुलनीय और अनुकरणीय है. अगल वर्ष जो की 25वां वर्ष यानी रजत जयंती वर्ष उसकी भी की तैयारी जोरदार करनी है. मेरा जीवन पहले भी समर्पित था और आगे भी रहेगा.

# NAVRATAN FOUNDATIONS - WORKING COMMITTEE



**CHIEF PATRON**
**Arvind Srivastava**
(Former Member,
Trade Tax Tribunal U.P.)



**PATRON**
**Atul Mangal**
(Chairman,
MIMT)



**PATRON**
**Mrs. Renu Adawal**
( Social Activist)



**PATRON**
**Raj Kumar Srivastava**
(Former Member Tribunal)



**PATRON**
**Atul Srivastava**
(CEO-Effective People)



**PATRON**
**Jamil Ahmad**
(Educationist)



**PATRON**
**Anoop Jairath**
(Chatered Accountant)



**PATRON**
**Mrs. Vibha Mishra**
(Social Activist)



**PATRON**
**P.K. Gupta**
(Retd. Senior
Govt. Officer)



**PATRON**
**Dhurendra Chaturvedi**
(Additional
Commissioner)



**ADVISOR**
**Dr. Achyut Kumar Tripathi**
( Ayurvdeacharya)



**ADVISOR**
**Mukesh Nigam**
(Ex-Banker)



**ADVISOR**
**Chitranjan Saxena**
(Real Estate Consultant)



**ADVISOR**
**Ratan Kumar**
(ISO Expert)



**ADVISOR**
**Shekahr Dhar**
(Former Corporate
Executive)



**ADVISOR**
**Sanjay Pandey**
(Retd. Army official)



**ADVISOR**
**Deepak Naidu**
(Retd. Sr. Corporate
Executive)



**CHIEF JURY**
**Commodore Ravindra Nath**
Chairman-JVCC



**JURY MEMBER**
**Ashok B. Saxena**
Social Activist



**JURY MEMBER**
**Mrs. Poonam Jain**
Social Activist

# NAVRATAN FOUNDATIONS - WORKING COMMITTEE



**JURY MEMBER**
**Prof. Dr. Rajeev Gupta**
Principal,
Govt Post Graduate College



**JURY MEMBER**
**Sunil Puri**
Technocrat



**JURY MEMBER**
**Dr. Narendra Gupta**
Chest Specialist



**PRESIDENT**
**Dr. Ashok Srivastava**
9818700814



**SR. VICE PRESIDENT**
**Mrs. Varsha Srivastava**
9711869237



**Gen. SECRETARY**
**A.V. Murlidharan**
9811737169



**TREASURER**
**Anuranjan Srivastava**
88000220472



**VICE PRESIDENT**
**Vivek Srivastava**
9910061259



**VICE PRESIDENT**
**Murari Prasad Srivastava**
9891369632



**VICE PRESIDENT**
**Hemant Sharma**
9899688981



**VICE PRESIDENT**
**Someshwar Sharma**
9910091963



**VICE PRESIDENT**
**Mrs. Shalini Agrawal**
9818744773



**MEDIA IN CHARGE**
**Vineet Khare**
9911454347



**JOINT SECRETARY**
**Mrs. Anshumali Sinha**
9555105778



**JOINT SECRETARY**
**Mrs. Geeta Misra**
8010745679



**JOINT SECRETARY**
**Shubhranshu Shekhar**
9999040419



**JOINT SECRETARY**
**Neeraj Bhatnagar**
9891263980



**JOINT MEDIA IN CHARGE**
**Anil Srivastava**
8800127319



**EXECUTIVE MEMBER**
**Sardar Gurjeet Singh**
9990006424

# *Navratan Awards For Social Welfare–2026*

**(Social Workers / Social Organizations)**

## List Of Awardees

1. **Shri F.B. Nigam Memorial Award:**
   **Shri Sachin Gupta,** YSS Foundation, Noida

2. **Shri J.B. Jairath Memorial Award:**
   **Shri T.K. Damodaran,** CBWAI, Bangalore

3. **Shri Akash Saxena Memorial Young Achievers Award:**
   **Shri Sonu Rana**, Noida

4. **Daya Rani Women Empowerment Award:**
   **Dr. Sunita Jetly**, Bhor Living Humanly Foundation, Noida

5. **Kunwar Swarup Bhatnagar Memorial Education Award:**
   **Nari Pragati Social Foundation**, Noida

6. **Smt. Sonia Kohli Special Award:**
   **Mrs. Shweta Gupta**, Samvedna Foundations, Noida

7. **Shri Harish Bhalwar Memorial Award:**
   **Shri Satyam Shrivastav**, Chaitanya Kul, Mahu, Uttar Pradesh

8. **Shri S.N. Sud "Surrender Not" Award:**
   **Ms. Anshu Kumari**, Anshu Cricket Academy Sorkha, Noida

9. **Navratan Special Award:**
   **Shri Vikas Jain**, Noida

10. **Navratan Ke Ratna Award:**
    **Dr. Mridusmita Mandal** (Singing)

11. **Chitransh Om Prakash Kamthan Education Award:**
    **Shri Devesh Kumar**, Seth Tula Ram Saraswati Vidya Mandir, Jewar, Gautam Buddha Nagar



# Award in Memory of



Sh. F.B. Nigam



Sh. J.B. Jairath



Sh. Akash Saxena



Mrs. Rani &
Sh. Daya Shankar Kapoor



Sh. Kunwar S. Bhatnagar



Smt. Sonia Kohli



Sh. Harish Bhalwar



Chitransh Om P. Kamthan



Sh. S.N. Sud

# ANNUAL REPORT (May 2025 – April 2026)
## Murlidharan AV (General Secretary)



The journey of Navratan Foundations following **SAMARPAN 2025** on 11th May 2025 reflects our continued commitment to social responsibility, cultural enrichment, and community engagement. Over the past year, Navratan remained vibrant and active, weaving together culture, community service, and sustainability in all its initiatives.

The year 2025–2026 focused on both launching new projects and strengthening existing ones. As we prepare for SAMARPAN 2026, we take pride in reflecting on our key achievements and impactful initiatives.

**1. Cyber Urja – Computer Literacy Programme**

Cyber Urja, Our flagship computer literacy programme, continued to expand its reach. During the year:

- Multiple batches successfully completed their courses across 13 computer education centres.
- Students who completed course were awarded completion certificates.
- Advanced computer courses were introduced at select centres.
- Several students secured placements in reputed organisations.

These outcomes reaffirm our commitment to empowering youth through digital education.

**2. Navratan Gyanpeeth School**

Our primary education initiative for the last fifteen years for underprivileged children continued to make meaningful progress:

- Following last year's complete makeover, further infrastructural and academic improvements were implemented.
- Students received consistent academic support and holistic development.
- The programme continues to prepare children for admission into mainstream schools.

**3. Jo Aaye Woh Gaaye (Season 4)**

This flagship talent hunt programme for singers remains highly popular:

- After the success of Season 3, Season 4 was launched on 21st September 2025.
- Four episodes have already been completed and around 120 singers have participated in season 4 so far.
- The programme continues to provide an inclusive platform for singers of all age groups and very popular among the music enthusiasts.

**4. Major Musical Events**

Navratan Foundations successfully organised several prestigious cultural & musical programmes:

- **Shukriya Mukesh** – In memory of the legendary singer Mukesh. We celebrated it's 20th Edition in 2025. A large number of Mukesh fans joined and enjoyed it fully.
- **Jashn-e-Tajurbaat** – Celebrating senior citizens on World Elder's Day. A programme in collaboration with 'Om Vishranti Charitable Society 'was organised in 1st week of October. . This year's theme was songs picturised on yesteryear's actor Joy Mukherjee. Super seniors above 90 years of age were duly honoured with crown, angwastra, mementos and gifts.

- **Rafi Nite** – Musical tribute to the legendary Mohammed Rafi were paid on his birthday in association of Noida Ex-Officers Welfare Association.
- **Ruk Jana Nahin** – A series of musical evenings were organised with Mr. Krishan Mohan throughout the year.
- **DMS Aarohee – Voice of Delhi NCR** – Talent hunt initiative season 3 was highly successful. Thousands of upcoming singers turned out for auditions. A great Gala Finale was organised at Pyare Lal Bhawan, Delhi. Navratan Foundations associated in a very vital and important role in making it successful.
- **Close to my Heart**- A musical evening by Namah Band to celebrate Sonu Nigam's songs.
- **Music for the Soul** – Three musical shows which were organised by Raas Rang Music and Dance Trust in association with Navratan, We Care & Shri Simran at NEA Auditorium in May and December 2025. Indian Classical Music performances both vocal and instrumental were up to the highest level. Bollywood singing also stole the show. In December it was a 2 days musical festival. In December 1st day was focused classical music, ghazals etc. & 2nd day was focused on Bollywood music. Raas Rang Music Trust is a music academy run by Pandit Sumit Mishra of famous Banaras Gharana. Which is also known for famous duo vocalist Padam Vibhushan Rajan-Sajan Mishra ji.

**5. Eklavya Ki Khoj – Talent Hunt for the children from Underprivileged section of society.**

Launched in 2025 in association with Divyatarang Educare Foundation. Several auditions were conducted in villages and slums of Noida. Hundreds of children were motivated for auditions and they joined also.

- Grand finale held on 27th July 2025 at NEA Bhavan, Sector-6, Noida.
- Competitions included music, dance, and Speech.
- Participants displayed remarkable talent despite challenges.

**Judges:**

- Mr. Pradeep Sharma(Speech)
- Mr. Deepak Naidu (Singing)
- Mrs. Kalpana Bhushan(Dance)

**Winners:**

- Speech: Master Aayush
- Singing: Kumari Neha
- Dancing: Kumari Khushboo

**6. Astitva – Women Empowerment Programme**

This initiative continued to empower women through skill development:

- Tailoring training centres enabled women to become financially independent.
- Certificates were awarded to successful trainees.
- Two new centres were inaugurated during the year.

**7. Healing Through Acupressure**

In collaboration with **Samvaayi Foundation**:

- Acupressure camps were organised at Kanchan Public School and Navratan Gyanpeeth.

- Around 200 Students were introduced to alternative healing techniques in an engaging manner.

We aim to expand such health awareness initiatives in the coming year.

**8. Navratan Sheet Kawach 2025**

Our annual winter relief initiative for the last 23 years achieved significant impact:

- Over 2,000 sweaters were distributed to underprivileged students in Noida this year.
- It was supported by Club 26 Women's Association and Noida Punjabi Association, Akash Memorial Trust, Kailash Healthcare Limited, Birg. Raj Bahadur Sharma, Mrs. Renu Adawal, Mr. Vaibhav Vishaal etc.

**9. Educational & Social Support Initiatives**

- Supported painting and debate competitions in Buxar, Bihar.
- A joint initiative by TVS Limited and Mr. Deepak Srivastava, a prominent social worker from Buxor.

**10. Aasha Anand Scholarships**

Instituted in memory of Late Dr. ABL Srivastava, the famous Statistician

- Scholarships of Rs. 21000/= were awarded to 12 deserving girls from various schools.

**11. Aasha Anand Literacy Campaign**

- Distribution of textbooks and stationery to economically weaker 200 students.
- Beneficiary schools included Nari Pragati Foundation School and Divyatarang Educare Foundation School.

**12. Advocacy of Alternate (Renewable) Energy**

In a significant step towards sustainability:

- A 70 KW solar power plant was installed at Club-26, Sector-26, Noida.
- The project supports physiotherapy and senior citizen recreation centres.
- Total Project Value: Rs. 28 lacs.
- Executed under CSR funding by Karna Apparels Pvt. Ltd.

**13. Support to Sports**

- Sponsorship provided to **Kick Karo Girls' football team** from **Rajkiya Kanya Inter College,** Hoshiyar Pur Noida encouraging participation in football. These girls are from under privileged section of society. Kick Karo team has achieved many laurels in less than a year time under the mentorship Mrs. Deepa of Akhand Jyoti NGO.

**14. Medical Assistance**

- Financial support extended to Mr. Prasoon Mukherjee, a renowned music personality associated with Navratan Foundations.

**15. Collaboration with Active NGO Group**

- Navratan remains an active member of a network of 100+ NGOs in Noida/NCR.
- Contributed to collaborative events, including organising a women's debate on International Women's Day, Tarbooz Party, Annual Day, Diwali and Holi Milan programs.

**16. The Prestigious Majestic CII Skill-Will-Lead Program.**

**Like every year Majestic Auto Limited and CII jointly with Navratan Foundations** they

organized North India Level Inter University Debate Competition where more than 25 universities, Management and technical Colleges participated. A sum of Rs. 14,85,476.00 were given away as prize money.

**17. Awards & Recognition (2025)**

- Awarded for exceptional work in the NGO category at the ***Indian PSU CSR Impact Award***
- Dr. Ashok Srivastava honoured with the ***Suresh Tiwari Memorial Award*** by Pravasi Mahasangh, Noida
- Dr. Ashok Srivastava recognised by **Sangeetayan Foundation** for contributions to social work.

Recognition received at prestigious platforms, along with honours conferred on our President, Dr. Ashok Srivastava, serve both as encouragement and responsibility, motivating us to strive further and serve better.

The year 2025–2026 has been one of growth, impact, and meaningful engagement for Navratan Foundations. Our initiatives across education, skill development, healthcare, culture, and sustainability continue to create lasting change in society.

As we move forward, we remain committed to expanding our reach and strengthening our mission of service to the community.

**NAVARATAN FOUNDATIONS**
**COORDINATORS**

Coordinators - Jo Aaye Wo Gaaye



Mohit Sharma 9899237878



Richa Bajaj 9818949648

Thakur Balbir Singh Rural-Dankaur: 9759481379 • Dr Mukesh Daksh-Dadri: 9910809636
Mrs. Sunita Shukla-Noida: 98119 61647 • Ramakant Singh-Navratan Gyanpeeth: 9650071211
• Raju Khan-Technical: 9971626786
Achyutanand Mishra 'Ranu', Ghazipur: 9717564949

# श्री एफ बी निगम स्मृति पुरस्कार :
# श्री सचिन गुप्ता, वाई एस एस फाउंडेशन, नोएडा



**श्री सचिन गुप्ता**

सचिन गुप्ता, एक ऐसा नाम, जो सेवा, संकल्प और सामाजिक चेतना का पर्याय बन चुका है। वे केवल एक सामाजिक उद्यमी नहीं, बल्कि उन अनगिनत आशाओं के संवाहक हैं, जो समाज के हाशिये पर खड़े लोगों की आंखों में चमकती हैं। 'वाईएसएस फाउंडेशन' के निदेशक के रूप में उन्होंने अपने कर्म और करुणा से बदलाव की ऐसी कहानी लिखी है, जो प्रेरणा बनकर हर दिल को छू जाती है।

उनकी सोच में एक स्वच्छ, शिक्षित और सशक्त भारत का स्वप्न साकार होता दिखता है। 'स्वच्छ यमुना मिशन' के तहत लगातार छः वर्षों से उन्होंने यमुना नदी के किनारों पर केवल सफाई ही नहीं की, बल्कि लोगों के मन में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का दीप भी जलाया जिसके कारण आज केन्द्रीय जल मंत्रालय, दिल्ली सरकार ही नही कई भारत सरकार के उपक्रम, दिल्ली नगर निगम, पुलिस प्रशासन, अनेक महाविद्यालय, स्कूल एवं अनेक अन्य संस्थाएं इनके इस अभियान में जुड़ चुकी हैं. वहीं 'युवा स्ट्रीट टू स्कूल' अभियान के माध्यम से उन्होंने वंचित बच्चों के जीवन में शिक्षा की नई रोशनी भर दी। सचिन गुप्ता का व्यक्तित्व संवेदनाओं से सराबोर है। महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर उनके प्रयास समाज को नई दिशा देते हैं। वे मानते हैं कि सच्चा परिवर्तन केवल विचारों से नहीं, बल्कि सतत प्रयासों और जनसहभागिता से आता है। इसी राह में 10000 से ज्यादा आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड भी बनवाये हैं. उनकी यात्रा हमें यह सिखाती है कि यदि इरादे नेक हों और हौसले बुलंद, तो एक व्यक्ति भी समाज में क्रांति ला सकता है। सचिन गुप्ता आज उन सभी के लिए प्रेरणा हैं, जो अपने जीवन को केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए भी सार्थक बनाना चाहते हैं। वाई एस एस फाउंडेशन के निदेशक **श्री सचिन गुप्ता के प्रेरणादायी प्रयासों को देखते हुए नवरत्न फाउंडेशन्स इन्हें 21,000/= रूपये नकद राशी के साथ श्री एफ बी निगम स्मृति पुरस्कार से विभूषित कर गर्व की अनुभूति कर रही है।**





यमुना संरक्षण बना जनआंदोलन, 250+ अभियानों से बदली घाट की तस्वीर





# श्री जे बी जयरथ स्मृति पुरस्कार : श्री टी के दामोदरन, CBWAI, बैंगलोर



**श्री टी के दामोदरन**

टी. के. दामोदरन, एक ऐसा व्यक्तित्व, जिनका जीवन सेवा की तपोभूमि और समर्पण की गाथा है। उन्होंने अपने कर्मपथ को केवल सफलता तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे मानवता के उत्थान का माध्यम बनाया। छह दशकों से अधिक समय तक समाज के प्रति उनकी अटूट निष्ठा ने उन्हें एक जीवंत प्रेरणा में परिवर्तित कर दिया।

रक्षा क्षेत्र में 42 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा के दौरान उन्होंने अनुशासन, नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता की मिसाल कायम की। परंतु उनका असली परिचय तब उभरकर सामने आया, जब उन्होंने समाज के कमजोर और उपेक्षित वर्ग विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। सीजीएचएस लाभार्थियों के लिए उनकी पहलें केवल योजनाएं नहीं, बल्कि संवेदनाओं से भरी जीवनरेखाएं बन गईं। उनकी सोच में दूरदृष्टि है, उनके कार्यों में करुणा, और उनके व्यक्तित्व में विनम्रता की झलक स्पष्ट दिखाई देती है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए, जिससे लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया।

श्री दामोदरन एक ऐसे कर्मयोगी हैं, जो बिना किसी शोर के समाज में बदलाव की धारा बहाते रहे। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्ची महानता पद या सम्मान में नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने में निहित होती है। वे एक प्रेरणा हैं जो यह विश्वास जगाते हैं कि एक समर्पित हृदय पूरी दुनिया को रोशन कर सकता है। **श्री टी के दामोदरन के प्रेरणादाई, अनुकरणीय कार्यों को देखते हुए नवरत्न फाउंडेशन्स इन्हें श्री जे बी जयरथ स्मृति पुरस्कार के साथ नकद राशी रूपये 11,000/= प्रदत्त कर खुशी की अनुभूति कर रहा है।**






# श्री आकाश सक्सेना स्मृति यंग एचीवर्स एवार्ड : श्री सोनू राणा



श्री सोनू राणा

समाज की भीड़ में कुछ चेहरे ऐसे होते हैं जो सिर्फ जीते नहीं, बल्कि दूसरों के लिए जीने का अर्थ गढ़ते हैं। सोनू राणा उन्हीं विरले व्यक्तित्वों में से एक हैं, जिनके जीवन का हर अध्याय सेवा, समर्पण और संवेदना की स्याही से लिखा गया है। मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि सच्ची महानता पद या प्रतिष्ठा में नहीं, बल्कि निस्वार्थ सेवा में निहित होती है।

नीमगाँव की साधारण धरती से उठकर सोनू राणा ने असाधारण कार्यों की मिसाल कायम की। उनके लिए समाज सेवा कोई दायित्व नहीं, बल्कि एक आत्मिक संतोष का माध्यम है। 250 से ज्यादा अनाथों के अंतिम संस्कार से लेकर गरीब और बेसहारा परिवारों की मदद तक, वे हर उस मोड़ पर खड़े मिलते हैं जहाँ इंसानियत को सहारे की जरूरत होती है। उनकी संवेदनशीलता इस कदर गहरी है कि वे दूसरों के दर्द को अपना मानकर उसे कम करने का हर संभव प्रयास करते हैं। महिलाओं और बच्चों के उत्थान के लिए उनका समर्पण विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उन्होंने सैकड़ों परिवारों को पुनः एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं, अपना घर आश्रम के माध्यम से असहाय, बीमार विक्षित महिलाओं को न केवल आश्रय देते हैं, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन भी प्रदान करते हैं। सोनू राणा केवल एक नाम नहीं, बल्कि उम्मीद की वह रोशनी हैं जो अंधेरों में भी रास्ता दिखाती है। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि यदि इरादे नेक हों, तो एक व्यक्ति भी समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकता है. **श्री सोनू राणा के प्रेरणादायी प्रयासों को देखते हुए उन्हें श्री आकाश सक्सेना स्मृति यंग एचीवर्स अवार्ड के साथ 11,000/– रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान करते हुए हमें बेहद खुशी की अनुभूति हो रही है.**





# दया रानी नारी सशक्तिकरण पुरस्कार : डॉ. सुनीता जेटली, भोर लिविंग हयूमनली फाउंडेशन



**डॉ. सुनीता जेटली**

संस्कारों की कोमल मिट्टी में पली–बढ़ी डॉ. सुनीता जेटली का जीवन एक ऐसी दीपशिखा है, जो ज्ञान, सेवा और संवेदना की रोशनी से समाज को प्रकाशवान करता है। बचपन में माँ से वेदों और उपनिषदों की सीख तथा पिता से दान और परोपकार का संस्कार पाकर उनके भीतर मानवता का बीज अंकुरित हुआ, जो समय के साथ एक विशाल वटवृक्ष बन गया।

दिल्ली विश्वविद्यालय के आचार्य नरेंद्र देव कॉलेज में बायोमेडिकल साइंस की प्रोफेसर के रूप में 26 वर्षों का शिक्षण अनुभव रखने वाली डॉ. जेटली न केवल एक कुशल शिक्षिका हैं, बल्कि एक प्रखर कैंसर शोधकर्ता भी हैं। उनके शोध कार्यों ने सस्ती और स्वदेशी कैंसर डायग्नोस्टिक्स को नई दिशा दी, जिससे असंख्य जीवनों में आशा का संचार हुआ। उनकी पहचान केवल प्रयोगशाला या कक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज सेवा के विस्तृत आकाश में भी वे एक प्रेरणास्रोत सितारा हैं। "भोर लिविंग ह्यूमैनली फाउंडेशन" के माध्यम से उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और मानवता के छह स्तंभों पर आधारित अनगिनत अभियानों का संचालन किया। थैलेसीमिया और कैंसर जागरूकता, रक्तदान के 100 से ज्यादा शिविर, निर्धनों के लिए शिक्षा और भोजन वितरण जैसे कार्य उनके समर्पण की जीवंत मिसाल हैं। उनका जीवन मंत्र है "कक्षा से परे शिक्षा और सेवा ही सच्चा ज्ञान है।" यही कारण है कि वे विद्यार्थियों में केवल अकादमिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी संचार करती हैं। डॉ. सुनीता जेटली का जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्ची सफलता वही है, जो दूसरों के जीवन में प्रकाश भर दे और वे आज भी उसी उजाले की अनवरत यात्रा पर अग्रसर हैं। **डॉ. सुनीता जेटली के प्रेरणादाई कार्यों को देखते हुए इन्हें दया रानी नारी सशक्तिकरण पुरस्कार के साथ 11,000/– रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान करते हुए हमें बेहद खुशी की अनुभूति हो रही है।**







# कुंवर स्वरूप भटनागर स्मृति शिक्षा पुरस्कार : नारी प्रगति सोशल फाउंडेशन, नोएडा

संवेदनाओं की मिट्टी से जन्मी एक पहल, जो आज हजारों जिंदगियों में उम्मीद की हरियाली बनकर खिल रही है, यह कहानी है नारी प्रगति सोशल फाउंडेशन (NPSF) की। वर्ष 2020 की कठिन महामारी कोरोना के बीच, जब दुनिया भय और अनिश्चितता से घिरी थी, तब एक साहसी महिला मीनाक्षी त्यागी ने सेवा को अपना संकल्प बनाया और समाज के सबसे कमजोर वर्गों के लिए आशा का दीप जलाया।

NPSF केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक विचार है, हर उस महिला के लिए जो आत्मनिर्भर बनना चाहती है, हर उस बच्चे के लिए जो शिक्षा का अधिकार खोज रहा है, और हर उस परिवार के लिए जो सम्मानजनक जीवन की ओर बढ़ना चाहता है। "हर नारी सशक्त" के संकल्प के साथ संस्था ने दस हजार से ज्यादा महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता, कानूनी जागरूकता और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देकर उनके आत्मविश्वास को नई उड़ान दी है। "विद्याधारा" के माध्यम से वंचित बच्चों को शिक्षा का प्रकाश दिया गया, तो "आरोग्यम" ने स्वास्थ्य और स्वच्छता के जरिए जीवन में सुरक्षा और जागरूकता का संचार किया। आपदा के कठिन समय में "पुकार" बनकर संस्था ने न केवल राहत पहुंचाई, बल्कि टूटते हौसलों को सहारा भी दिया। मीनाक्षी त्यागी और उनकी टीम का सपना केवल सहायता तक सीमित नहीं, बल्कि एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जहाँ हर व्यक्ति आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त हो। NPSF आज एक उम्मीद है, एक आंदोलन है जो यह सिखाता है कि अगर इरादे नेक हों, तो एक छोटी सी शुरुआत भी समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकती है। **नारी प्रगति सोशल फाउंडेशन के अतुलनीय कार्यों को देखते हुए कुंवर स्वरूप भटनागर स्मृति शिक्षा पुरस्कार के साथ 11,000/– रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान करते हुए हम स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।**









## श्रीमती सोनिया कोहली सामाजिक सहयोग विशेष पुरस्कार : श्रीमती श्वेता गुप्ता, संवेदना फाउंडेशन्स, नोएडा

सुश्री श्वेता गुप्ता का जीवन एक ऐसी प्रेरणादायी गाथा है, जिसमें सपनों की मासूम शुरुआत, संघर्षों की तपिश और सेवा की शीतल छाया एक साथ दिखाई देती है। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के छोटे से गाँव भेलसी में जन्मी श्वेता ने बचपन में ही यह ठान लिया था कि उनका जीवन केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए होगा।

उच्च शिक्षा प्राप्त कर उन्होंने एक सुरक्षित और सफल कैरियर की राह को सहज ही छोड़ दिया क्योंकि उनके भीतर का मनुष्य, पद और प्रतिष्ठा से नहीं, बल्कि सेवा और संवेदना से संतुष्टि पाता था। वर्ष 2017 से जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए उन्होंने समाज के उन दर्दों को महसूस किया, जिन्हें अक्सर लोग अनदेखा कर देते हैं। यही अनुभव उनके संकल्प की नींव बना और 2022 में "संवेदना फाउंडेशन" के रूप में एक नई उम्मीद जन्मी। उनकी इस पहल ने शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में 8500 से ज्यादा जिंदगियों को छुआ है। वहीँ शहरों में पक्षियों की कलरव को जीवंत बनाये रखने के लिए 10 हजार से ज्यादा गौरिया के घोंसले बना कर अनेक स्थान पर लटकाया और लोगों में वितरित भी किया. धीमे धीमे उसका असर दिखा रहा ह. सीमित संसाधनों के बावजूद, उनके कार्यों में असीम समर्पण झलकता है, मानो हर प्रयास किसी टूटे हुए विश्वास को जोड़ने का प्रयास हो। श्वेता गुप्ता का जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्ची उपलब्धि वही है, जो दूसरों के जीवन में उजाला भर दे। उनकी यात्रा केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि मानवता के प्रति समर्पित एक जीवंत संवेदना की कहानी है।

मानवीयता का प्रदीप्त दीप प्रज्जवलित कर रहीं **संवेदना फाउंडेशन्स की प्रणेता श्वेता गुप्ता को इस वर्ष का श्रीमती सोनिया कोहली सामाजिक सहयोग विशेष सम्मान के साथ 11,000/– रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान करते हुए हमें बेहद खुशी की अनुभूति हो रही है.**









# श्री हरीश भालवर स्मृति पुरस्कार :
# सत्यम श्रीवास्तव, चौतन्य कुल, मऊ, उत्तर प्रदेश




**सत्यम श्रीवास्तव**

मऊ की मिट्टी में जन्मी एक शांत सी चिंगारी, आज हजारों सपनों की रोशनी बन चुकी है, यह कहानी है सत्यनिष्ठ, संवेदनशील और दूरदर्शी शिक्षाविद सत्यम श्रीवास्तव की। पेशे से इंजीनियर और दिल से शिक्षक, सत्यम ने अपने जीवन को केवल कैरियर तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे समाज के सबसे उपेक्षित बच्चों के नाम कर दिया।

साल 2018 में उन्होंने "चौतन्य कुल" की स्थापना की, एक ऐसा शिक्षण स्थल, जहाँ किताबों से पहले बच्चों को खुद को समझना सिखाया जाता है। यहाँ शिक्षा केवल अंकों का खेल नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, संवेदना और जीवन कौशल का उत्सव है। दिहाड़ी मजदूरों, भूमिहीन किसानों और छोटे दुकानदारों के 300 से अधिक बच्चों के लिए यह स्थान एक नई सुबह बन गया है। सत्यम का मानना है कि हर बच्चा अनोखा है और उसे अपने तरीके से सीखने का अधिकार है। यही कारण है कि चौतन्य कुल में फ्रीलर्निंग, जर्नलिंग, मानव पुस्तकें और सामुदायिक परियोजनाओं जैसे नवाचारों के माध्यम से शिक्षा को जीवंत बनाया गया है। उन्होंने शिक्षा के उस खांचे को तोड़ा है, जहाँ सपनों को सीमाओं में बाँधा जाता है। उनकी सोच केवल वर्तमान तक सीमित नहीं है। वे इस मॉडल को गाँव–गाँव और सरकारी स्कूलों तक ले जाकर एक ऐसी क्रांति लाना चाहते हैं, जहाँ हर बच्चा अपने भविष्य का निर्माता बन सके। सत्यम श्रीवास्तव केवल एक नाम नहीं, बल्कि वह विश्वास हैं कि यदि इरादे सच्चे हों, तो बदलाव की शुरुआत एक छोटे से कदम से भी हो सकती है। **चौतन्य कुल के सत्यम श्रीवास्तव के अनुकरणीय कार्यों को देखते हुए इन्हें श्री हरीश भालवर स्मृति पुरस्कार के साथ 11,000/– रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान करते हुए हमें बेहद खुशी की अनुभूति हो रही है.**





# एस एन सूद सरेंडर नाट अवार्डः
# जिन्दगी में कभी ना हार मानने वाली 17 वर्षीय अंशु कुमारी

बिहार के जिला कैमूर की अंशु कुमारी के सर से 7 वर्ष की आयु में ही पिता का साया उठ गया था. उनकी माता जी ने किसी तरह छोटा सा व्यवसाय करके तीन बच्चों को पालना शुरू. लेकिन उनका शरीर धीरे धीरे बिमारियों से घिरने लगा और घर में समस्याओं का बढ़ना शुरू हो गया. अंशु पढ़ने में अच्छी तो थी साथ में क्रिकेट की भी एक बेहतरीन खिलाड़ी भी थी. 12 वर्ष की उम्र तक पहुँचते माँ का स्वास्थ्य बिगड़ चुका था. आर्थिक समस्याओं से घिरी अंशु काफी समझदार हो चुकी थी. उसने पढ़ाई के साथ घर को आर्थिक तंगी से उबारने के लिये ग्रेटर नोएडा के अल्फा सेक्टर में चाय का ठेला लगाना प्रारम्भ कर दिया. धीरे धीरे घर सम्हलने लगा और  छोटी सी उम्र में पूरे परिवार का सहारा बन गयी. लेकिन इस जीवन के झांझवात में पढ़ाई दसवीं कक्षा से आगे बढ़ नहीं पाई और क्रिकेट भी जिले स्तर तक खेलने के बाद पैसों की कमी के कारण छोड़ना पड़ा. लेकिन दिल में कसक बाकी थी की कुछ न कुछ करना है उन बच्चों के लिये जो उसकी तरह गरीब थे और अपने खेल के शौक को पूरा नहीं कर पाए . अंशु में किसी भी कार्य को करने की भरपूर क्षमता थी इसीलिए गत पांच वर्षों से अनेक विषम परिस्थितियों के बावजूद चाय की दुकान चला रही है. शिक्षा पूरी न होने दुःख तो है लेकिन हारना स्वीकार नहीं. जीवन को नए लक्ष्य की और मोड़ दिया और अपने क्रिकेट के कौशल से अन्य बच्चों को इसमें विधा में प्रशिक्षित कर एक नया मुकाम दिलाने को ठान लिया. बस उमंग से भरी अंशु ने नोएडा के सोरखा गाँव में खोज बीन कर एक जगह किराये पर ली जिसको क्रिकेट मैदान में परिवर्तित कर अपनी अंशु क्रिकेट अकादमी प्रारम्भ कर आर्थिक रूप से कमजोर और क्रिकेट के शौकीन बच्चों को प्रशिक्षण देना प्रारम्भ कर दिया. आज आर्थिक समस्याओं के बावजूद अंशु करीब 25 बच्चों को सुबह से दोपहर तक प्रशिक्षण देती हैं फिर दोपहर तीन बजे से अपने चाय के दुकान पर अपने कार्य को बखूबी अंजाम देती हैं. **मात्र 17 वर्ष की छोटी से उम्र में कभी ना हार मानने के जज्बे के साथ अन्य लोगों की उम्मीद की किरण प्रशस्त करने वाली अंशु कुमारी जी को एस. एन सूद सरेंडर नॉट सम्मान के साथ नकद 11,000/= रूपये पुरस्कार प्रदान करते हुए आज नवरत्न परिवार अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है.**





# नवरत्न विशेष पुरस्कार : विकास जैन




विकास जैन

हरियाणा की सादगी भरी मिट्टी से उठकर समाज सेवा और नेतृत्व की ऊँचाइयों तक पहुँचा एक नाम, विकास जैन। उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि एक छोटी सी घटना भी बड़े परिवर्तन की नींव बन सकती है। वर्ष 1997 में, स्कूली दिनों में किसी की एक साधारण–सी चेतावनी पर मिला उत्तर "हाँ, मैं अंधा हूँ" उनके अंतर्मन को झकझोर गया। उसी क्षण उन्होंने संकल्प लिया कि वे अपने आसपास किसी को भी अंधकार में नहीं रहने देंगे।

यही संकल्प आगे चलकर "कोशिश हमारी आशा" के रूप में आकार लिया। कॉलेज के दिनों से ही उन्होंने नेत्र शिविरों का आयोजन कर सैकड़ों लोगों के जीवन में उजाला भर दिया। 750 से अधिक निशुल्क ऑपरेशनों के माध्यम से उन्होंने न केवल दृष्टि लौटाई, बल्कि उम्मीद भी जगाई। वर्ष 2001 में जन्म से दृष्टिहीन एक बच्चे का सफल ऑपरेशन उनके सेवा पथ का स्वर्णिम अध्याय बन गया। उनकी सेवा केवल चिकित्सा तक सीमित नहीं रही। उन्होंने नेत्रदान, नशामुक्ति और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाकर समाज में नई चेतना का संचार किया। झुग्गी–झोपड़ियों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का उनका प्रयास, उनके मानवीय दृष्टिकोण को दर्शाता है। नोएडा में कदम रखते ही उन्होंने व्यापारियों के हितों को अपनी आवाज दी और संगठनात्मक नेतृत्व से एकता की नई मिसाल कायम की। आज, एक राष्ट्रिय संस्था में जिला संयोजक के रूप में वे समाज और व्यापार के बीच एक सशक्त सेतु हैं। विकास जैन केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि वह प्रेरणा हैं जो सिखाती है, सच्ची सेवा ही सबसे बड़ा नेतृत्व है। **विकास जैन के प्रेरणादाई प्रयासों को देखते हुए इन्हें नवरत्न विशेष पुरस्कार से विभूषित कर हमें खुशी की अनुभूति हो रही है।**





**जन्मांध बच्चे की आखों का आपरेशन**

हिसार, 7 अक्तूबर (ब्यूरो)

समाजसेवी संस्था 'कोशिश' द्वारा आयोजित निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आज समाप्त हो गया। शिविर में 50 रोगियों सहित एक वर्ष के एक बालक की आंखों का सफल आपरेशन किया गया।

संस्था के विकास जैन ने बताया कि एक वर्षीय बालक की आंखे जन्म से ही खराब थीं, उसे दिखाई नहीं देता था। डॉ.ओपी चौधरी, डॉ.विवेक चौधरी तथा डॉ. दिलीप वर्मा द्वारा आपरेशन के बाद बच्चा अब सब कुछ सामान्य ढंग से देख सकता है। संस्था के सदस्य मुकेश गोयल, हरीश गुप्ता, अभिषेक, शैलेश महता, अमित, अनुज, मनोज, राजेश, दीपक आदि ने कैंप में चिकित्सकों व रोगियों का सहयोग किया। शिविर समापन के मौके पर रोगियों को चश्में, दवाएं आदि निशुल्क वितरित किए गए।

# नवरत्न के रत्नः
# डॉ. मृदुस्मिता मंडल




डॉ. मृदुस्मिता मंडल

दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज से मेडिकल डॉक्टर बनने और उसके बाद एनेस्थेटिस्ट विशेषज्ञ के तोर ESIC अस्पतालों में डिप्टी मेडिकल सुपरीटेंडेंट के पद पर कार्यरत डॉ. मृदुस्मिता मंडल जी की बेहतरीन गायिकी का अपना एक अलग ही अंदाज है जो सबको सम्मोहित कर लेता है. संगीत उनका जुनून है और संगीत में हल्के से नृत्य का समावेश सबको बरबस आकर्षित कर लेता है । गाने में उनकी दिलचस्पी बचपन से ही थी और उन्होंने दुर्गा पूजा जैसे सामुदायिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था।सोसायटी के कार्यक्रमों के अलावा, उन्होंने नवरत्न के 'जो आए वो गए' के सीजन 3 में हिस्सा लिया और फाइनलिस्ट बनीं। साल 2024 में DMS आरोही द्वारा आयोजित संगीत प्रतियोगिता 'Voice of Delhi NCR' में भी फाइनलिस्ट थीं।'जो आए वो गए' की बदौलत उन्हें जो पहचान मिली है, उससे उनकी संगीत यात्रा लगातार आगे बढ़ रही है और उसका विस्तार हो रहा है। एक कुशल डॉक्टर के साथ मृदुस्मिता जी ने यह सिद्ध कर दिया है की वो एक उच्चकोटि की गायिका है जिनके गायन की चाहत की मांग आज दिल्ली एन सी आर के हर सांस्कृतिक मंच से आ रही है. इससे निसंदेह नवरत्न फाउंडेशन्स का लक्ष्य भी पूरा होता दिख रहा है. **संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने के लिए डॉ. मृदुस्मिता मंडल जी को नवरत्न के रत्न पुरस्कार से अलंकृत किया जा रहा है.**



# चित्रांश ओम प्रकाश कमठान शिक्षा पुरस्कार–2026
## मास्टर देवेश कुमार , सेठ तुला राम सरस्वती विद्या मंदिर ,जेवर, गौतमबुद्ध नगर



**मास्टर देवेश कुमार**

मास्टर देवेश कुमार , सेठ तुला राम सरस्वती विद्या मंदिर ,जेवर, गौतमबुद्ध नगर के छात्र ने जिला गौतमबुद्ध नगर में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज बोर्ड की 10वीं कक्षा की वर्ष 2026 की परीक्षा में प्रथम स्थान करने के लिए प्रतिष्ठित चित्रांश **ओम प्रकाश कमठान शिक्षा पुरस्कार–2026 के साथ नकद राशि 11,000/= एवं अंगवस्त्र से नोएडा में नवरत्न फाउंडेशन्स द्वारा आयोजित समर्पण 2026 कार्यक्रम में** सम्मानित किया गया





नई दिल्ली, शुक्रवार, 24 अप्रैल, 2026

# इंटर में हिमांशी व हाईस्कूल में देवेश ने शीर्ष पर जमाया कब्जा

## यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में हिमांशी शर्मा ने 91.20 प्रतिशत व देवेश कुमार ने 94.33 प्रतिशत अंक पाए

### किसान की बेटी हिमांशी का सपना प्रोफेसर बनना, प्रतिदिन नियमित रूप से पांच से छह घंटों तक पढ़ाई की

### पांच भाई-बहनों में परिवार का लाडला है देवेश

# समर्पण 2025 कार्यक्रम की झलक





संस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम राष्ट्रीय विकास के माप दण्ड हैं



गुड़गांव टुडे

'समर्पण' ने रचा सेवा-संस्कार का नया अध्याय









# समर्पण 2025 कार्यक्रम की झलक













# Accupressure Camp-Samvayi Foundation






















# Astitva- Women Tailoring Training Centre














# CyberUrja Computer Education Centre











# Success Stories Of NF Trainee (CyberUrja)



**Mr. Vishal**
Works for Apple Service Centre




**Mr.Prabhat**
He works for a private firm
Ruhaan International Pvt Ltd
( A Mahima Mahajan Company)



**Ms. Rashmi**
She works at the
cash counter of Ganesh
Waram Restaurant in billing



**Ms. Sheena Dubey**
She works for a
company named The Key

# WE MISS YOU



**Late Mr. Arun Vaidya,**
Jury Member of Navratan Awards

Late Shri Arun Narayan Vaidya was born and brought up in Mumbai and Thane. He pursued his graduation in Commercial Arts from the prestigious Sir J. J. School of Art.He began his career with one of India's top advertising agencies, Lintas Advertising, where he rose to the position of Creative Head and Creative Director. After a distinguished tenure of 20 years with Lintas, he worked as a Creative Consultant with several leading advertising agencies in Delhi.He also co-founded his own agency, Garuda Advertising, in partnership with Vibha Mishra. During this period, he created dozens of award-winning advertising campaigns for multinational brands, as well as for government and PSU organizations.After a successful career in advertising, he found his true creative calling in the magic of glass art. His work—spanning canvas (oil paintings) and glass art—was deeply inspired by nature, flora, fauna, and mythology. His glass artworks were a unique blend of techniques such as sandblasting, etching, fusion, and painting, resulting in exquisite fine art pieces.His paintings were often time-intensive, with some taking over a month to complete. Over the last two decades, his works were showcased in several solo and group exhibitions. He also sold and gifted more than 250 paintings and art pieces.Arun ji was a valued member of the jury for the Navratan Awards and also designed the signature trophy for the awards.After his sudden demise, we are planning to exhibit his unseen works soon.Arun Vaidya ji, the Navratan family misses you.



**Late Mr. R. K. Saxena**
Sr. Vice President

Late R. K. Saxena, a graduate in Agricultural Science from Pantnagar University, was born in the Chandausi district of Uttar Pradesh. He served in the Indian Revenue Service for 42 years. He was not only a dutiful, disciplined, and strict senior officer but also a compassionate social worker who was always ready to help anyone in distress.Associated with Navratan since its very inception, Mr. Saxena fulfilled all his responsibilities with complete dedication in every role he held. It was through his initiative and efforts that Navratan Gyanpeeth, established for economically weaker children, developed into a well-equipped institution where children today receive all necessary facilities.The stature Navratan has achieved in social service today cannot be imagined without Mr. Saxena's invaluable contribution. He also played an important role in serving senior citizens in his society, Nirala Estate.A devoted follower of Lord Hanuman, Mr. Saxena was actively associated with the Himgiri Association of Noida Sector 34, Guruji's Ashram, Bagulamukhi Mata Yug Samiti, and other organizations, where he consistently rendered his valuable services.The untimely demise of R. K. Saxena has deeply shaken the entire Navratan family, leaving everyone grief-stricken. His absence will be difficult to bear, and it is impossible to fill the void he has left. The Navratan family pays its heartfelt tribute to R. K. Saxena.

# Navratan Foundations Activities
























# Navratan Foundations Activities































# Gyanpeeth Make Over

| Before | Now |
| --- | --- |
|  |  |
|  |  |
|  |  |

# Jashn-e-Tajurbat - 2025






















# JO AAYE WO GAAYE (Seasons-1, 2 & 3) Highlights



















# JO AAYE WO GAAYE - Season 4

























'जो आए वो गाये' कार्यक्रम में प्रतिभाओं ने मन मोहा







# Awards & Recognitions - Navratan Foundations
















# Mohd. Rafi - 33rd Musical Nite

































# Navratan Foundations Other Activities

## Painting & Debate Competition-Buxar, Bihar






## Plantation Drive With Shubham Foundation at Gail Complex





## Active NGO Group Activies








# Shukriya Mukesh - 2025








शनिवार की शाम मुकेश के नगमों के नाम

'शुक्रिया मुकेश' कार्यक्रम में छाया सुरों का जादू, तालियों और वाह-वाह से कलाकारों का बढ़ाया उत्साह











# Thanks Supporters

NOIDA ENTREPRENEURS ASSOCIATION

KNOWLEDGE BOULEVARD
A Majestic Venture

विश्रांति VISHRANTI
Om Vishranti Charitable Society

PETRONET LNG LIMITED

SHRI BALAJI CHARITABLE TRUST, KOLKOTA

RADHA RANI GOYAL CHARITABLE TRUST

KARNA APPARELS PRIVATE LIMITED

NAEC NOIDA APPAREL EXPORT CLUSTER

TEN NEWS.in National News Portal

sparsh

NAV KALA SANGAM

CITADEL Security & Management Services

CLUB-26

Centre For Advanced Dental Care

Harmony

DMS aarohi Musical Society
(A Cultural, Art, Stage & Film Based Society)

TRI GROUP

effective people
SHARPENING WINNERS

MANGALMAY GROUP OF INSTITUTIONS

ABC Transformers Pvt. Ltd.

रास रंग Music And Dance Trust

जय हिन्द जनाब
हर नज़र पर खबर हर खबर पर नज़र

WONDER FIBROMATS LTD.

Divyatarang Educare Foundation
प्रतिकूलताया: शक्ति

रजनी सिलाई मशीन वर्क्स

INDRAPRASTHA GAS LIMITED

AAGRIM™ VIDYAPEETH

CreateX

Akash Memorial Charitable Trust®

PiXFliK® Online Gift Store

यश कृष्णा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट

CHILDREN UNBOUND foundation

J&S
J&S WIRELINKS (P) LTD.

# DayaRani

it's ok not to be ok

## Helping You

### Find Strength in Vulnerability

**DayaRani** is dedicated to supporting individuals facing emotional wellbeing challenges.
We offer a safe and compassionate space where you can share your feelings and experiences without judgement.

## We Offer:

- One-on-one counseling
- Support groups
- Workshops on emotional wellbeing & self-care
- Emotional wellbeing resources

**You're Not Alone. Reach out to us today:**

7011540309

hello@dayarani.in

www.dayarani.in

# Navratan Sheet Kawach

























Printed by : L R Print Solutions, Noida # 9810130994, 9311748388